रविवासरीय
हिन्दुस्तान
1936
सत्य • सार्थक • सदैव
भरोसा नए हिन्दुस्तान का
www.livehindustan.com
रविवार
9 मार्च 2025, गाजियाबाद, नगर संस्करण
वर्ष 22, अंक 10, 16 पेज+4 पेज लाइव, मूल्य ₹ 4.00, हिन्दुस्तान टाइम्स के साथ मूल्य ₹ 10.50
• पांच प्रदेश • 24 संस्करण

अमेरिका में बड़े खर्चों के लिए मस्क के विभाग की मंजूरी जरूरी
P-13

सुविधा | एयर इंडिया एक्सप्रेस को संचालन की अनुमति मिली, लोगों को चेन्नई, जम्मू और भुवनेश्वर के लिए भी जल्द सुविधा मिलेगी

हिंडन एयरपोर्ट से मुंबई के लिए दस मार्च से विमान सेवा

ट्रांस हिंडन, वरिष्ठ संवाददाता। हिंडन एयरपोर्ट से मुंबई के लिए 10 मार्च से विमान सेवा मिलने लगेगी। एयर इंडिया एक्सप्रेस को ही इसके लिए अनुमति मिली है। हिंडन से रोजाना मुंबई के लिए विमान उड़ेगा और मुंबई से यहां पहुंचेगा। 10 मार्च को ही बेंगलुरु के लिए दिन में दूसरी उड़ान की भी शुरुआत हो रही है।

हिंडन एयरपोर्ट से इस समय आदमपुर, नांदेड़, किशनगढ़, लुधियाना और बठिंडा की घरेलू उड़ान और बेंगलुरु, गोवा और कोलकाता की व्यावसायिक उड़ान चल रही है। मुंबई हिंडन एयरपोर्ट से जुड़ने वाला नौवां शहर होगा। 10 मार्च को मुंबई से पहली बार विमान हिंडन एयरपोर्ट पहुंचेगा। तय कार्यक्रम के अनुसार मुंबई से सुबह साढ़े नौ बजे उड़ान शुरू होगी और दोपहर 12:10 बजे विमान हिंडन पर उतरेगा। वापसी में दोपहर एक बजे विमान हिंडन से उड़ान भरेगा और शाम पौने चार बजे मुंबई पहुंचेगा। हिंडन एयरपोर्ट के निदेशक उमेश यादव ने बताया कि हिंडन की कनेक्टिविटी लगातार बढ़ रही है। यात्रियों का अच्छा रेस्पान्स मिल रहा है, जिसके चलते आने वाले समय में कनेक्टिविटी में और इजाफा होगा।

लगातार बढ़ रही कनेक्टिविटी

व्यावसायिक उड़ानों पर बीते साल तक कोर्ट का स्टे होने के चलते एयरपोर्ट की कनेक्टिविटी नहीं बढ़ पा रही थी। स्टे हटने के बाद से ही लगातार नए शहर जुड़ रहे हैं। एक मार्च से गोवा और कोलकाता और दो मार्च से बेंगलुरु के लिए यहां से व्यावसायिक विमान ने उड़ान भरी। फरवरी तक यहां से सिर्फ पांच उड़ान चल रही थीं, जबकि मार्च के अंत तक उड़ान की संख्या 13 हो जाएगी।

बेंगलुरु के लिए दूसरी उड़ान शुरू होगी

बेंगलुरु के लिए 10 मार्च को ही दिन में दूसरी उड़ान की भी शुरुआत होगी। गाजियाबाद और दिल्ली समेत एनसीआर के बाकी शहरों से बड़ी संख्या में आईटी सेक्टर में काम करने वाले लोगों का बेंगलुरु आना-जाना होता है। इसीलिए यात्रियों की संख्या भी बढ़ रही है। इसी को देखते हुए एयरलाइंस कंपनी बेंगलुरु के लिए हिंडन से दूसरी उड़ान की शुरुआत कर रही है।

एनसीआर के लोगों को लाभ होगा

हिंडन एयरपोर्ट की कनेक्टिविटी बढ़ने से गाजियाबाद ही नहीं एनसीआर के कई शहरों के लोगों को फायदा होगा। जिले के अलावा नोएडा, दिल्ली, हापुड़, मेरठ, बुलंदशहर के लोगों को काफी सहूलियत होगी। देश के प्रमुख शहर बेंगलुरु, गोवा, कोलकाता, मुंबई और चेन्नई के लिए उड़ान शुरू होने से अब दिल्ली के आईजीआई एयरपोर्ट की भीड़ कम होगी।